# समस्तीपुर–दरभंगा एनएच के लिए 225.66 करोड़ रुपये मंजूर

**संवाददाता, पटना**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने समस्तीपुर के बासुदेवपुर से दरभंगा के दिलाही तक 23.95 किमी एनएच-322 के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 225.66 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है. यह परियोजना समस्तीपुर और दरभंगा जिलों के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा और यातायात सुगम व सुरक्षित बनेगा. परियोजना का कार्य 2027 तक पूरा कर लिया जायेगा, साथ ही निर्माण के बाद सड़क का पांच साल तक रखरखाव किया जायेगा. यह जानकारी पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने शनिवार को दी. उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है. मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि सड़क बनने से समस्तीपुर और दरभंगा के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी.